# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## तृतीय सत्र

## अतारांकित प्रश्नों की सूची

## शुक्रवार, दिनांक 21 मार्च, 2025

## कुल संख्या-25

| | |
|---|---|
| उप मुख्य मंत्री (उच्च शिक्षा) | 04 |
| कृषि मंत्री | 04 |
| शिक्षा मंत्री | 05 |
| जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री | 02 |
| जल संसाधन मंत्री | 02 |
| सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री | 02 |
| सहकारिता राज्य मंत्री | 02 |
| नगरीय विकास राज्य मंत्री | 04 |

### राजकीय कन्या महाविद्यालय पीपला (भरतपुर) में रिक्त पद

528. (3189/उच्च शिक्षा/अता.) डॉ. सुभाष गर्ग (178) - क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार राजकीय कन्या महाविद्यालय, पीपला (भरतपुर) में स्नातकोत्तर की कक्षाएं प्रारम्भ करनें का विचार रखती है? यदि हां, तो कब से?

(2) क्या उक्त महाविद्यालय के खेल मैदान का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त कन्या महाविद्यालय में किस-किस संवर्ग के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने पद भरे हुए हैं एवं कितने रिक्त हैं? सरकार उक्त रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

## खेतड़ी विधान सभा क्षेत्र के महाविद्यालयों में कृषि संकाय

529. (8102/उच्च शिक्षा/अता.) श्री धर्मपाल (83) - क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र खेतड़ी में संचालित राजकीय महाविद्यालयों में कृषि संकाय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## ग्राम बिरमसर (रतनगढ़) में बसों का ठहराव

530. (8463/परिवहन/अता.) श्री पूसाराम गोदारा (91) - क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र रतनगढ़ के ग्राम बिरमसर के दोनों बस स्टैंड पर रोड़वेज बसों का ठहराव नहीं होता है? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त बस स्टैंड पर रोड़वेज बसों का ठहराव करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## मेड़ता विधान सभा क्षेत्र औषधालयों में रिक्त पद

531. (3602/आयुर्वेद/अता.) श्री लक्ष्मण राम (141) - क्या आयुर्वेद मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र मेड़ता में कितने आयुर्वेदिक औषधालय कहां-कहां पर संचालित हैं? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त औषधालयों में किस-किस संवर्ग के कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने-कितने पद रिक्त हैं? औषधालयवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

## माण्डलगढ़ विधान सभा क्षेत्र में तारबंदी योजना के लाभार्थी

532. (6692/कृषि/अता.) श्री गोपाल लाल शर्मा (44) - क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि प्रदेश में किसानों की फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए तारबंदी योजना संचालित हैं? यदि हां, तो योजना का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र मांडलगढ़ में उक्त योजना के अंतर्गत विगत पांच वर्षों में कितने किसानों से आवेदन प्राप्त हुए? उक्त में से कितने किसानों को माह जनवरी, 2025 तक लाभान्वित किया गया? वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## फलोदी विधान सभा क्षेत्र में वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग हेतु कार्ययोजना

533. (7802/कृषि/अता.) श्री पब्बाराम विश्नोई (87) - क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र फलोदी में प्रति वर्ष फसल उत्पादन हेतु यूरिया का कितना उपयोग किया जाता है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार द्वारा यूरिया का उपयोग कम करने तथा वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई कार्य योजना बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को होमगार्ड के समान देय सुविधा

534. (4262/आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा/ अता.) श्रीमती इन्द्रा (20) - क्या आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार प्रदेश में नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों को होमगार्ड के समान सुविधा एवं 12 माह नियमित ड्यूटी उपलब्ध कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(2) क्या सरकार सिविल डिफेंस स्वयं सेवकों को हर तीन वर्ष में सदस्यता नवीनीकरण को संशोधित कर होमगार्ड के समान 15 वर्ष व 60 वर्ष में सेवानिवृत्ति का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक?

## पीपल्दा विधान सभा क्षेत्र में नरेगा योजना के तहत विकास कार्य

535. (7550/ग्रामीण विकास/अता.) श्री चेतन पटेल कोलाना (53) - क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र पीपल्दा में नरेगा योजना के तहत श्मशान घाट के विकास कार्यों के प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुए हैं? यदि हां, तो सरकार द्वारा कौन-कौनसे कार्य स्वीकृत किए गए हैं? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## संस्थापन अधिकारी बांसवाड़ा के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की जांच

536. (6966/शिक्षा/अता.) श्री श्रवण कुमार (167) - क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि संस्थापन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), प्रारम्भिक शिक्षा बांसवाड़ा के विरूद्ध प्राप्त शिकायत पर निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर ने दिनांक 21.02.2024 को जांच के आदेश देते हुए दिनांक 13.03.2024 को तत्काल पदस्थापन आदेशों की प्रतिक्षा में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा चितौड़गढ़ में किया गया है? यदि हां, तो आदेश जारी होने के बाद भी उक्त कार्मिक दिनांक 12.09.2024 तक कार्यालय में कार्य करता रहा है? यदि हां, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि विभाग ने कार्मिक के विरूद्ध जांच पूर्ण कर ली है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त कार्मिक के विरूद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## मकराना विधान सभा क्षेत्र में संचालित आदर्श विद्यालय

537. (7753/ शिक्षा/अता.) श्री जाकिर हुसैन गैसावत (62) - क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत आदर्श विद्यालय योजना का संचालन हो रहा है? यदि हां, तो उक्त योजना कब और किन मापदण्डों पर शुरू की गई तथा विधान सभा क्षेत्र मकराना में अब तक कितने विद्यालयों का चयन किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र के कौन-कौनसे विद्यालयों से सम्बन्धित सूचनायें ऑनलाइन आदान-प्रदान की जाती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## आसीन्द विधान सभा क्षेत्र के संस्कृत विद्यालयों में रिक्त पद

538. (6726/संस्कृत शिक्षा/अता.) श्री जब्बर सिंह सांखला (57) - क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र आसीन्द में संस्कृत शिक्षा के कितने विद्यालय कहां-कहां संचालित हैं? उक्त विद्यालयों में कक्षावार व विद्यालयवार नामांकन का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विद्यालयों में किस-किस श्रेणी के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं? विद्यालयवार व श्रेणीवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला जैसलमेर में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइटें

539. (3631/पंचायती राज/अता.) श्री छोटू सिंह (55) - क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जिला जैसलमेर की ग्राम पंचायतों में कितनी सौर ऊर्जा चलित स्ट्रीट लाइटें लगी हुई है? वर्तमान में उक्त में से कितनी स्ट्रीट लाइट चालू व कितनी बंद है? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त बंद लाइटों को पुनः चालू करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बालाजी मन्दिर से मालीराम की ढाणी तक सड़क निर्माण

540. (8590/पंचायती राज/अता.) श्री गोपीचन्द मीणा (46)- क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि पंचायत समिति गोविन्दगढ़ जिला जयपुर में नवम्बर, 2023 के दौरान बालाजी मंदिर (बाडिया की ढाणी) से मालीराम की ढाणी तक सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री व तकनीकी नियमों के विपरीत गुणवत्ताहीन कार्य होना पाया गया है? यदि हां, तो निर्माण कार्य में दोषियों पर क्या कार्रवाई की गयी? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त के लिये दोषी अधिकारी व संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई करने व उक्त सड़क का पुनः निर्माण करने का विचार रखती है?

## प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति

541. (5698/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी/अता.) श्री अमित चाचाण (8) - क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में जलजीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति हेतु क्या-क्या प्रावधान रखे गये हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त योजना में पेयजल मांग के साथ पशु पेयजल की मांग को सम्मिलित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) जल जीवन मिशन में ग्रामीण योजनाओं में चयन में प्राथमिकता का क्रम क्या रखा गया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बस्सी विधान सभा क्षेत्र में स्थापित सिंगल फेस टयूबवैल

542. (8403/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी /अता.) श्री लक्ष्मण (140) - क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र बस्सी में विगत पांच वर्षों में कितने सिंगल फेस टयूबवैल लगाये गये? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान में कितने सिंगल फेस ट्यूबवैल चालू व कितने बंद हैं तथा कितने ट्यूबवैल विद्युत कनेक्शन से वंचित हैं? ग्राम पंचायतवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बारां-अटरू विधान सभा क्षेत्र के बांधों की मरम्मत

543. (6789/जल संसाधन/ अता.) श्री राधेश्याम बैरवा (131)- क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र बारां-अटरू में कौन-कौन से बांध, तालाब क्षतिग्रस्त हैं? क्या सरकार उक्त बांधों एवं तालाबों की मरम्मत कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में सिंचाई के स्त्रोत हेतु कोई कार्य योजना बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## निरवाल वितरिका (रावतसर) परियोजना का कार्य

544. (8426/जल संसाधन/ अता.) श्री विनोद कुमार (153) - क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

निरवाल वितरिका (NWD) (रावतसर) परियोजना का कितना कार्य पूर्ण हो चुका है व कितना कार्य शेष है सरकार शेष कार्य को कब तक पूर्ण करवाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## शंखवास (खींवसर) में ओबीसी वर्ग हेतु नवीन छात्रावास

545. (5344/ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता/अता.) श्री रेवन्तराम डांगा (189) - क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र खींवसर के ग्राम शंखवास में अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों हेतु नवीन

छात्रावास स्वीकृत किए जाने का विचार रखती हैं? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि

546. (7585/ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता /अता.) श्री मनोज कुमार (सादुलपुर) (113) - क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेन्शन में 15 प्रतिशत की वृद्धि की गयी थी? यदि हां तो वृद्ध विधवा महिलाओं की पेंशन में वृद्धि नहीं करने के क्या कारण है? विवरण सदन की मेज पर रखे।

(2) सरकार उक्त महिलाओं की पेंशन में 15 प्रतिशत वृद्धि कब तक करने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखे।

## सहकारिता विभाग में कार्मिकों के एरियर का भुगतान

547. (8497/सहकारिता/अता.) श्री अरूण चौधरी (11) - क्या सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विभाग में कार्मिकों की रिव्यू डीपीसी की जानी शेष है? यदि हां, तो किस-किस पद पर एवं किस वर्ष की विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि छाया पद की स्वीकृति प्राप्त हो जाने के उपरान्त भी रिव्यू डीपीसी नहीं की गई है? यदि हां, तो क्यों व अब कब तक कर ली जायेगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि कार्मिकों को वेतन के एरियर का भुगतान शेष है? यदि हां, तो क्यों? सरकार द्वारा शेष रहे एरियर का भुगतान कब तक कर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## शिव विधान सभा क्षेत्र में ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन

548. (8692/सहकारिता/अता.) श्री रविन्द्र सिंह भाटी (126) - क्या

सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में नवीन ग्राम सेवा सहकारी समिति खोलने के क्या मानदण्ड निर्धारित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) जिला बाड़मेर में कितनी ग्राम सेवा सहकारी समितियां संचालित हैं? विधान सभा क्षेत्रवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा क्षेत्र शिव में विगत पांच वर्षों में कितनी सहकारी समितियों के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## आदर्श नगर विधान सभा क्षेत्र में इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारण्टी योजना

549. (2374/ स्वायत्त शासन/अता.) श्री रफीक खान (123) - क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विगत पांच वर्षों में इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत आदर्श नगर विधान सभा क्षेत्र में कितने लोगों को रोजगार दिया गया? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विगत पांच वर्षों में योजना के तहत आदर्श नगर विधान सभा क्षेत्र में क्या-क्या कार्य करवाये गये? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## शिवराम विस्तार एवं अशोक वाटिका विस्तार कॉलोनी का नियमन

550. (7147/नगरीय विकास एवं आवासन/अता.) डॉ. दयाराम परमार (76) - क्या नगरीय विकास राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि वर्ष 2001 में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शिवराम कॉलोनी विस्तार एवं अशोक वाटिका विस्तार जगतपुरा जयपुर का नियमन किया गया था? यदि हां, तो उक्त दोनों कॉलोनियों में कितने-कितने प्लांटों का नियमन किया गया? कॉलोनीवार भूखण्ड संख्या, भूखण्डों का आकार

सहित सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त कॉलोनियों में सुविधा क्षेत्र हेतु भूमि छोड़ी गई थी? यदि हॉं, तो क्या सरकार उक्त भूमि पर सामुदायिक भवन, धार्मिक स्थान व पार्क बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार द्वारा नियमन के समय उक्त कॉलोनियों में सड़क बनने के मापदडों का पालन किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखे।

(4) क्या सरकार उक्त दोनों कॉलोनियों की जीर्ण-शीर्ण सड़कों का नवीनीकरण करने का विचार रखती हैं? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## रिद्धी सिद्धि नगर बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना

551. (8184/नगरीय विकास एवं आवासन/अता.) श्री टीकाराम जूली (71) - क्या नगरीय विकास राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर द्वारा रिद्धि-सिद्धि नगर चतुर्थ, लालचन्दपुरा, निवारू रोड़ जयपुर को आवासीय कॉलोनी के रूप में विकसित किया गया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त आवासीय कॉलोनी का सृजन मास्टर प्लॉन बनाकर किया गया है? यदि हां, तो उक्त आवासीय कॉलोनी की मास्टर प्लॉन, 2025 में क्या स्थिति है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नगर निगम जयपुर हेरिटेज द्वारा सीकर हाऊस में जारी पट्टे

552. (3170/स्वायत्त शासन/अता.) श्री कालीचरण सराफ (30) - क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि नगर निगम जयपुर हेरिटेज द्वारा सीकर हाऊस में प्रशासन शहरों के संग

अभियान के तहत गलत पट्टे जारी करने की शिकायतें सरकार को प्राप्त हुई हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त शिकायतों की जांच करवाकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर ।**
**दिनांक : 11 मार्च, 2025**

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव**